## खबर संक्षेप

### ट्रांसपोर्ट कारोबारी पर चाकू से किया हमला

**कटनी**। कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत इंद्रा नगर के पास सोमवार की शाम अज्ञात बदमाशों ने ट्रांसपोर्ट व्यवसायी दीपक द्विवेदी पर चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। घटना उस वक्त हुई जब ट्रांसपोर्ट व्यवसायी अपने खेत से घर लौट रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार दीपक द्विवेदी अपनी मोटरसाइकिल से खेत से वापस घर की ओर जा रहे थे। शाम करीब सवा 6 बजे इंद्रा नगर के पास अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रास्ते में रोक लिया और रुपयों की मांग करने लगे। जब दीपक ने पैसे देने से इनकार किया तो बदमाशों ने उन पर पीछे से हमला कर दिया। बदमाशों ने उनकी पीठ पर चाकू से कई वार किए और वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। हमले में बुरी तरह घायल और लहुलुहान होने के बाद दीपक द्विवेदी खुद ही निजी हॉस्पिटल पहुँचे। अस्पताल प्रबंधन द्वारा सूचना मिलने के बाद पुलिस बल भी मौके पर पहुँचा। कुठला पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और हुलिए के आधार पर अज्ञात बदमाशों की तलाश की जा रही है।

### 8 लाख 84 हजार रूपये के गबन पर मामला दर्ज

**कटनी**। फाइनेंस कंपनी में लाखों रुपये के गबन का मामला सामने आया है। कंपनी के ही एक कर्मचारी पर आरोप लगा है जिसने करीब 8,84,973 रुपये की राशि पार कर दी। जानकारी के अनुसार मैहर रोड स्थित कमल फिनकैप प्राइवेट लिमिटेड नामक फाइनेंस कंपनी में यह बड़ी हेराफेरी हुई है। कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि प्रदीप कुमार शर्मा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके यहाँ कार्यरत कर्मचारी विजय कुमार पटेल जो कि मूल रूप से सागर जिले का निवासी है ने कंपनी की बड़ी धनराशि का गबन किया है। शिकायत पर पुलिस जांच में सामने आया है कि यह धोखाधड़ी कोई एक दिन का काम नहीं था। आरोपी विजय कुमार पटेल ने 05 फरवरी 2023 से लेकर 05 जनवरी 2024 के बीच किस्तों में कंपनी के पैसों के साथ हेरफेर किया। जब ऑडिट और हिसाब-किताब का मिलान किया गया, तब जाकर इस साढ़े आठ लाख से अधिक की राशि के गबन का पर्दाफाश हुआ। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी विजय कुमार पटेल के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। बरही पुलिस आरोपी की तलाश के लिए सागर जिले की पुलिस से भी संपर्क कर रही है।

### अलग-अलग स्थानों में हुई मारपीट की घटनायें

**कटनी**। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मारपीट की घटनाये हुई हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने सभी मामलों में अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना अंतर्गत जिला अस्पताल परिसर में संजय कोरी 31 वर्ष निवासी पौसरा पर राजेश कोरी ने हमला बोल दिया। आरोपित ने गालियां दीं और जान से मारने की नियत से बुरी तरह मारपीट की। अस्पताल जैसे सार्वजनिक स्थान पर हुई इस घटना से मरीज और परिजन दहशत में आ गए। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। इसी तरह न्यू अल्का होटल के सामने एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया। फरियादी सौरभ दुबे 27 वर्ष निवासी पहरूआ गल्ला मंडी ने पुलिस को बताया कि गोलू ठाकुर और उसके भाई ने मिलकर उस पर हमला बोला। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए सौरभ को जान से मारने की धमकी दी और गंभीर चोटें पहुंचाईं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### वेयर हाउस निरीक्षण आज

**कटनी**। ईव्हीएम और व्हीव्हीपीएटी के जिलास्तरीय वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण अब मंगलवार 31 मार्च को शाम 5 बजे किया जाएगा। पूर्व में निरीक्षण 30 मार्च को किया जाना था परन्तु, अपरिहार्य कारणों से तिथि में बदलाव किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्रा ने जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से पहुंचने अपील की है।

### सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने में मिलेगी मदद

# नवाचार : अत्याधुनिक सिम्युलेटर रूम स्थापित करने वाला कटनी का यातायात पुलिस थाना बना प्रदेश का पहला थाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के यातायात पुलिस थाना में सोमवार 30 मार्च 2026 को नवनिर्मित ट्रैफिक पाठशाला एवं सिम्युलेटर रूम का शुभारंभ किया गया है। इसके साथ ही कटनी जिले का यातायात पुलिस थाना मध्य प्रदेश का ऐसा पहला थाना बन गया है, जहां जनसहयोग से अत्याधुनिक सुविधायुक्त सिम्युलेटर रूम स्थापित किया गया है। इससे सड़क सुरक्षा एवं यातयात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने में मदद मिलेगी।




वर्चुअल ड्राइविंग सिम्युलेटरस्क्रीन एवं कंट्रोलर के माध्यम से बिना वास्तविक वाहन के सुरक्षित वातावरण में ड्राइविंग व राइडिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिससे नए चालकों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो सकेगा। नवनिर्मित ट्रैफिक पाठशाला एवं सिम्युलेटर रूम का शुभारंभ सोमवार को पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने किया। इस दौरान अत्याधुनिक सिम्युलेटर रूम स्थापित करने में सहयोग देने वाली निजी कंपनी कैल्ड्रेरिज कंपनी के डी.आई.ओ. पी की सत्येंद्र सिंह एवं प्लांट हेड प्रियव्रत विश्वास भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान डी.ए.व्ही. स्कूल के छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक पाठशाला एवं सिम्युलेटर के माध्यम से वर्चुअल राइडिंग का अनूठा अनुभव कराया गया। इस अत्याधुनिक सिम्युलेटर सेटअप का मुख्य उद्देश्य बच्चों एवं युवाओं को वास्तविक सड़क पर वाहन चलाने से पूर्व सुरक्षित डिजिटल वातावरण में यातायात संकेतों, सड़क की सांकेतिक भाषा, आवश्यक सावधानियों एवं नियमों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना है।

परिवहन सेवा (सारथी पोर्टल) के माध्यम से लर्निंग लाइसेंस हेतु आवेदन, आधार-आधारित सत्यापन, ऑनलाइन परीक्षा एवं शुल्क भुगतान की प्रक्रिया को सरल एवं स्पष्ट रूप से समझाया जा रहा है।

स्कूली विद्यार्थियों हेतु विशेष कक्षाओं का आयोजन, जिसमें ट्रैफिक सिग्नल, सडक सुरक्षा नियम एवं सुरक्षित यात्रा के उपाय सिखाए जायेंगे। जागरूकता अभियान के तहत उपस्थित जनों को ऑनलाइन लर्निंग लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई। जिसमें बताया गया कि पात्र व्यक्ति एक सरल ऑनलाइन टेस्ट के माध्यम से पारदर्शी तरीके से अपना लर्निंग लाइसेंस प्राप्त कर सकता है।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि, यह कटनी के लिए गौरव का विषय है कि हमारा यातायात थाना प्रदेश में इस नवाचार की शुरुआत करने वाला पहला थाना बना है। अत्याधुनिक सिम्युलेटर के माध्यम से यातायात नियमों को सीखना न केवल प्रभावी है, बल्कि यह सड़क दुर्घटनाओं को न्यूनतम स्तर तक लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

इस अवसर पर डॉ. संतोष डेहरिया (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक), रत्नेश मिश्रा (उप पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय), राहुल पाण्डेय (थाना प्रभारी यातायात), निरीक्षक संजय दुबे (थाना प्रभारी, माधवनगर), अनूप सिंह (प्रभारी, कंट्रोल रूम), संध्या राजपूत (रक्षित निरीक्षक), राजेश दुबे (चौकी प्रभारी, झिंझरी) सहित कैल्ड्रेरिज समूह के पदाधिकारी, यातायात पुलिस का समस्त स्टाफ एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मछली मारने नहर गये किशोर की डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सगौना डेम की नहर के पानी में डूबने से एक बालक की मौत हो गई। सुचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची और बालक को निकालकर शासकीय अस्पताल उमरियापान लेकर गये। मृतक बालक की पहचान मोहित बैगा पिता कैलाश बैगा 15 साल निवासी ग्राम कोठी के रूप में हुई। यह घटना सोमवार को दोपहर करीब 2 बजे हुई। बताया जाता है कि किशोर मोहित बैगा दोपहर करीब1.00 बजे सगौना डेम के पुल मे मछली मारने गया उसके साथ अजीत बैगा और भी गांव के लड़के भी साथ में रहे। बताया जाता है कि सगौना डेम के पुल मे पानी चल रहा था उसी पानी मे मोहित बैगा पुल के अन्दर पानी में उतरा और डूब गया था। साथ ही अजय बैगा व सुन्नू बैगा ने उसे पानी से निकाले में वहाँ पहुंचे तो देखा कि मोहित बैगा के कपडे पानी में भीगे थे कुछ बोल नही रहा था जिसे तुरंत 108 एम्बुलेंस से पान उमरिया अस्पताल लाया। अस्पताल में डाक्टर ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

## एसपी ने बहोरीबंद थाना प्रभारी को हटाया

**कटनी**। बहोरीबंद थाना क्षेत्र में लगातार मिल रही कदाचरण की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने बहोरीबंद थाना प्रभारी अखिलेश दहिया को उनके पद से तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। बताया जाता है कि बीते कुछ समय से बहोरीबंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस की कार्यप्रणाली और कदाचरण को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों को निरंतर शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। इन शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए एसपी कटनी द्वारा एक पृथक अनुभाग के राजपत्रित पुलिस अधिकारियों से इन आरोपों का सत्यापन कराया गया। जांच रिपोर्ट में यह पाया गया कि थाना प्रभारी का अपने अधीनस्थों पर नियंत्रण का पूर्णतः अभाव है। विभागीय अनुशासन और कार्यशैली में बरती गई इस शिथिलता को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है।

# पार्टी मनाने के दौरान उड़ी चिंगारी से डेढ़ एकड़ गेहूं की फसल खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम मझगवां में सोमवार को आगजनी की घटना में करीब डेढ़ एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई, जिससे किसानों को लाखों का नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान रामजी कुशवाहा, छंगा कुशवाहा और मनोज कुशवाहा ने पड़ोसी ओमप्रकाश तोमर और उसके साथियों पर आरोप लगाए हैं। पुलिस को दी गई शिकायत के मुताबिक, रविवार रात ओमप्रकाश अपने दोस्तों के साथ खेत पर मुर्गा पार्टी कर रहा था। पार्टी के लिए जलाए गए चूल्हे की चिंगारी तेज हवा के साथ सूखे गेहूं के खेत में जा गिरी, जिससे सोमवार सुबह आग ने विकराल रूप ले लिया।

किसानों का कहना है कि आरोपी अक्सर खेत पर ऐसी पार्टियां करते हैं और उन्हें पहले भी कई बार समझाया गया था, लेकिन उन्होंने लापरवाही जारी रखी। कटाई के इस सीजन में फसल बर्बाद होने से तीनों परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।



बड़वारा थाना पुलिस ने किसानों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी के. के. पटेल का कहना है कि पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

## आभूषण एवं मोबाइल ले गये चोर

**कटनी**। चोरो ने मंदिर एवं एक घर में वारदात को अंजाम दिया एवं लाखों रूपये के आभूषण पार कर दिया। जानकारी के अनुसार माधवनगर थाना अंतर्गत पिपरौंध क्षेत्र स्थित दुर्गा मंदिर में चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने मंदिर में प्रवेश कर माता के चांदी के बड़े और छोटे छत्र, सोने का मंगलसूत्र और पुरानी चांदी की सुतिया चोरी कर ली। मंदिर के पुजारी और स्थानीय निवासियों को घटना का पता तब चला जब सुबह मंदिर के कपाट खोले गए। चोरी गए आभूषणों की अनुमानित कीमत लगभग 60,000 रुपये बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही माधवनगर पुलिस मौके पर पहुंची और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। इसी तरह विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 09 (बाजार क्षेत्र) में अश्फाक हुसैन के घर में रात के अंधेरे में चोरों ने सेंध लगाई। चोरों ने घर के अंदर से 17 नग मोबाइल फोन और 15,000 रुपये नकद चोरी कर लिए। इस वारदात में कुल मशरुका करीब 1,10,000 रुपये बताया जा रहा है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 305ए, 331(4) BNS के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

## अनियंत्रित होकर बस पलटी, दर्जन भर यात्री घायल



कुठला थाना अंतर्गत लमतरा फाटक के समीप एक अनियंत्रित बस पलटने से हड़कंप मच गया। इस सड़क दुर्घटना में बस में सवार लगभग एक दर्जन यात्री घायल हो गए हैं, जिन्हें उपचार के लिए तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार बस क्रमांक MP 53 P 0214 विजयराघवगढ़ से कटनी की ओर आ रही थी। लमतरा के पास बस अचानक बंद हो गई। बताया जा रहा है कि बस को धक्का लगाकर चालू करने का प्रयास किया जा रहा था, लेकिन कुछ दूर आगे बढ़ते ही बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही कुठला पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची। पुलिस कर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और एंबुलेंस के माध्यम से सभी घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। बताया जाता है कि करीब 3 यात्रियों को अधिक चोटे आई हैं।

# दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे इनामी आरोपित को जबलपुर से पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

दहेज हत्या के मामले में करीब छह महीने से फरार चल रहे इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में एन.के.जे. पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस के अनुसार आरोपित आशीष मालवीय जिस पर पुलिस अधीक्षक ने 2000 का इनाम घोषित किया था उसे जबलपुर के खजरी खिरिया बायपास से घेराबंदी कर पकड़ा गया।



जानकारी के अनुसार मामला 19 सितंबर 2025 का है जब कटनी के सरकारी अस्पताल से एक नवविवाहिता को मृत अवस्था में लाए जाने की सूचना मिली थी। मर्ग जांच के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने थाना एन.के.जे. में भारतीय न्याय संहिता की धारा 80(2), 85 और दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था। घटना के बाद से ही मृतिका का पति आशीष मालवीय फरार चल रहा था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने आरोपी पर 2000 का इनाम घोषित किया था। एसपी के निर्देशन और एएसपी संतोष डेहरिया व डीएसपी (मुख्यालय) रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई थी। साइबर सेल और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी जबलपुर में छिपा हुआ है। दिनांक 29 मार्च 2026 को एन.के.जे. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जबलपुर के पास से आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जिला जेल कटनी भेज दिया गया है।

*जमीनी धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहा था आरोपित*

# 24 लाख रूपये की धोखाधड़ी के मामले में फरार मास्टर माइंड को रायपुर से दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपित को ढीमरखेड़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। फरार चल रहे आरोपित को पुलिस ने रायपुर से अपनी गिरफ्त में लिया। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया व एसडीओपी श्रीमति आंकाक्षा चतुर्वेदी के निर्देशन, थाना प्रभारी ढीमरखेडा अभिषेक चौबे के नेतृत्व में की गई। आरोपी को गिरफतार कर न्यायालय पेश किया गया।



पुलिस के अनुसार फरियादी रणजीत पटेल निवासी ग्राम बरेली की रिपोर्ट पर आदी पटेल, मुकेश पटेल के विरूद्ध महार्षि की जमीन विक्रय के नाम पर 24 लाख 52 हजार रुपये की धोखाधड़ी की गई थी जो प्रार्थी रणजीत पटैल की रिपोर्ट पर थाना ढीमरखेडा में अपराध कभाक 63/26 धारा 318(2), 318 (4).319 (2),336 (3) 61 (2) बीएनएस का प्रकरण उक्त आरोपियों के विरुद्ध पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश पतासाजी की गई जो दिनांक 26.03.26 को आरोपी मुकेश पटेल के द्वारा एस.आर. एम. फाउडेंसन ऑफ इण्डिया के नाम से फर्जी बैंक खाता खुलवाया गया था जो उक्त अपने खुलवाये गये फर्जी बैंक खाते से आरोपी मनीष पांडे, दिलीप दुबे द्वारा अपने खाता में पैसा टांसफर कर लिया जाता था आरोपी मुंकूदी पटैल के नाम से भी आरोपी मुकेश पटेल द्वारा फर्जी बैंक खाता खुलवाया था जिससे मनीष पांडे दिलीप दुबे अपने बैंक खातो में पैसा ट्रांसफर कराया जाता था। आरोपी मुंकूदी पटैल एंव मुकेश पटैल को पूर्व में गिरफतार कर न्यायालय पेश किया गया था।

प्रकरण का एक अन्य आरोपी मनीष पांडे जो की पूर्व में थाना एनकेजे क्षेत्र में रहता था और अपना मकान बेचकर यहां से जा चुका था। थाना ढीमरखेड़ा पुलिस को इसके रायपुर में होने की खबर मिली तो उसे दबोचने के लिए विशेष दल रवाना किया गया और पुलिस दल ने फरार आरोपी मनीष पटेल को रायपुर से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जो न्यायालय द्वारा जेल भेजा गया।

पुलिस कार्यवाही में विशेष भूमिका उपरोक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरी. अभिषेक चौबे, उनि सुरेश चौधरी, आर. पंकज सिंह, आर. डुमनदास की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## तीन दिवसीय पुस्तक मेला का सोमवार को हुआ समापन

# पुस्तक मेला में छात्रों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्कूली बच्चों और अभिभावकों को रियायती दरों पर पुस्तक, कॉपी एवं यूनिफॉर्म उपलब्ध कराने सुभाष चौक स्थित साधुराम स्कूल परिसर में आयोजित किया गया तीन दिवसीय पुस्तक और गणवेश मेला का सोमवार को समापन हो गया। कलेक्टर आशीष तिवारी की पहल पर आयोजित हुये यहां के पुस्तक और गणवेश मेला को चिलचिलाती धूप और तेज गर्मी के बावजूद छात्रों, अभिभावकों और दुकानदारों से बेहतर प्रतिसाद मिला। यहां तीन दिनी पुस्तक मेला के अंतिम दिन सोमवार को वाजिब कीमत पर मिल रही पुस्तकों और बड़ी छूट के साथ मिल रही कापियों, गणवेश एवं स्कूल उपयोगी स्टेशनरी खरीदने अभिभावकों ,पालकों और छात्र - छात्राओं की भीड़ उमड़ पड़ी । मेला प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से रात 10 बजे तक आयोजित किया गया।



### एक ही स्थान में सभी सामग्री

पुस्तक मेला में अपने बच्चे नाजिया और शादाब के लिए पुस्तक, कॉपियां एवं यूनिफॉर्म खरीदने अपने परिवार के साथ पहुंचे अक़बर खान ने बताया कि बाजार में खरीदी करते समय अनेकों दुकानों में भटकना पड़ता था और उसके बाद भी बड़ी मुश्किल से उचित रेट पर सामग्री प्राप्त हो पाती थी। बाजार में दर-ब-दर भटकने के कारण छोटे-छोटे बच्चे भी परेशान हो जाते थे और खरीददारी में कठिनाई होती थी। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित पुस्तक मेला में एक ही स्थान पर रियायती दरों पर सभी शैक्षणिक सामग्रियों की खरीदी बड़े आराम से हो गई। वहीं द्वारिका सिटी कॉलोनी निवासी कंचन अग्रवाल बताती है कि उन्होंने अपने बच्चे के लिए एलकेजी और चौथी कक्षा की पुस्तकें और स्कूल बैग खरीदे हैं। उन्होंने पुस्तक मेला के आयोजन के लिए जिला प्रशासन का आभार भी व्यक्त किया।

कलेक्टर आशीष तिवारी की पहल पर आयोजित पुस्तक मेला में नवाचार के तौर पर लगाया गया शिक्षा विभाग का बुक बैंक स्टॉल लगातार आकर्षण का केंद्र बना रहा। साथ ही पुस्तक मेला स्थल में विभिन्न स्कूलों के छात्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी जनाकर्षण का केंद्र रहा।

# सम्राट अशोक की जयंती पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मौर्य कुशवाहा समाज कल्याण समिति नई कटनी जं. के तत्वाधान में सम्राट अशोक की जयंती कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामसरोवर कुशवाहा अध्यक्ष ओबीसी महासभा (ग्रामीण) एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ओबीसी महासभा के जिलाध्यक्ष डा.बी.के.पटेल, रमेश मौर्य. अध्यक्ष. एसएसी भारत, मलखान सिंह कुशवाहा रिटायर्ड कृषि विकास अधिकारी, प्रदीप सिंह कुशवाहा, कन्हैया लाल कुशवाहा, वीरेंद्र कुमार वर्मा की उपस्थिति रही।



वक्ताओं ने बताया कि सम्राट अशोक महान ऐसे राजा थे, जिनके राज में किसी का शोषण नहीं होता था, जिनका राज संपूर्ण ऐशिया में था और उनका शौर्य इतना था कि उन्होंने तलवार से दुनिया को जीता और अत्याचारियों का संघार किया, तब उन्हें सम्राट अशोक कहा जाता था परन्तु जब वे तथागत गौतम बुद्ध के मैत्री के भाव से प्रभावित होकर उन्होंने तलवार को त्याग कर पूरी दुनिया में दया और मित्रता परोसी तो उन्होंने पुनः दुनिया को प्रेम के दम पर जीत लिया तब वे सम्राट अशोक महान के नाम से जाना जाने लगे।

सम्राट अशोक महान ने अपने शासन काल में हजारों स्तंभ स्थापित किये जिसमें चारों दिशाओं की ओर मुंह किये हुए शेर दिखाई पड़ते हैं। आजादी के बाद भारत सरकार ने प्रशासनिक कामकाज में, मुद्रा पर एवं सेना के सर्वोच्च सम्मान के लिए अशोक स्तंभ को स्मृति चिन्ह बनाया, भारत का राष्ट्रीय चिन्ह अशोक स्तंभ है ।कार्यक्रम के दौरान समाज के प्रतिभावान/उत्कृष्ट छात्र, छात्राओं को पुरस्कृत किया गया, वरिष्ठ जनों, एवं नारी शक्ति को सम्मानित कर मनोबल बढ़ाया, बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य, गीत संगीत, और छोटे छोटे वक्तव्य कार्यक्रम की विशेषता रही।

कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने में मनोज कुमार निराला अशोक पटेल,बृजबिहारी कुशवाहा मुकेश बिहारी, अभय कुमार, वीर बहादुर , अखिलेश कुमार, अमोद रंजन, पवन कुमार का सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप



### भीषण गर्मी में प्याऊ से मिलेगा शीतल जल

**कटनी।** चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी में आमजन व राहगीरों को राहत देने के लिए जिला समन्वयक डॉक्टर तेज सिंह केसवाल के निर्देशन में एवं ब्लॉक समन्वयक बालमुकुंद मिश्रा के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसाइटी द्वारा एक सराहनीय पहल की गई संस्था ने मडई ग्राम के मुख्य मार्ग पर निशुल्क शीतल प्याऊ केंद्र का शुभारंभ किया गया है संस्था ने महसूस किया की तापमान लगातार 40 डिग्री के आसपास जा रहा है जिससे राहगीरों और राज चलती जनता को पानी के लिए भटकना पड़ता है आम जनता की सुविधा और प्यास बुझाने के लिए नवांकुर संस्था के सेक्टर प्रभारी गणपत कोल और संस्था के साथ ही सभी सहयोगी द्वारा राहगीरों को मटके का ठंडा पानी पिलाकर प्याऊ की शुरुआत की राहगीरों के द्वारा इस धर्मार्थ सेवा कार्य की प्रशंसा की गई। इस कार्य में वीरू कोल ,आनंद कोल, विवेक कोल, मनीष कोल, विकास कोल एवं सभी ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

### कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों ने किया गौरवान्वित



**सिलौंडी।** सिलौंडी में 8 वी क्लास में 17 बच्चो ने 80 से अधिक प्रतिशत सिलौंडी को गौरवान्वित किया सिलौंडीः सिलौंडी के मिलेनियम स्कूल नेगाई में कक्षा आठवीं में बच्चों ने अच्छे अंक लाकर सिलौंडी का नाम रोशन किया है जिसमें कुल प्राप्तांक 600 में से लिटिल स्टोरी मिलेनियम नेगई सिलौंडी कक्षा 8वीं के सभी 17 छात्रों ने उत्कृष्ट प्रतिशत लाकर ग्राम और स्कूल का नाम रौशन किया है। अनुष्का राय - 89.3% 2. अंशिका हल्दकर - 88% 3. छवि तिवारी - 88.1% 4. अनामिका चम्पुरिया - 87.5% 5. सोनाक्षी राय - 87.1% 6. आदर्श साहू - 84.83% 7. हार्दिक साहू - 84.5% 8. प्रिंसी राय - 84.3% 9. अंश रजक - 84% 10. अरिहंत जैन - 83.6% 11. समर यादव - 83.6% 12. श्रेयांश साहू - 83.1% 13. दिव्यानी बागरी - 82.5% 14. कनिष्क राय - 82.8% 15. मानवी राय - 81.5% 16. सोनू सिंह - 81.1% 17. साधना ठाकुर - 80.1% प्रतिशत अंक प्राप्त कर सिलौंडी को गौरविन्वित किया ।

### चार वार्डों में छोड़ा गया मच्छररोधी रासायनिक धुआं



**कटनी।** नगर निगम द्वारा शहर में मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए फॉगिंग अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में निगम अमले द्वारा चार वार्डों में रासायनिक धुआं छोड़कर मच्छरों की संख्या को नियंत्रित करने के प्रयास किए गए। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार अभियान के तहत नेहरू वार्ड, फॉरेस्टर वार्ड, राम कृष्ण परमहंस वार्ड एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में क्षेत्रीय पार्षद एवं वार्ड दरोगा की मौजूदगी में वार्ड के विभिन्न मुख्य मार्गों, बस्तियों सहित नालियों एवं जलभराव वाले स्थानों पर विशेष रूप से फॉगिंग कर रासायनिक धुआं का छिड़काव किया गया, जिससे मौसमी बीमारियों के प्रसार को कम किया जा सके। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घरों और आसपास पानी जमा न होने दें तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, ताकि इस अभियान को और प्रभावी बनाया जा सके।

---

### शीघ्र पूर्ण होगा प्रदेश की सबसे बड़ी स्लीमनाबाद टनल का कार्य

# 6 जिलों के 1450 गांव में 2 लाख 45 हजार हेक्टेयर भूमि की होगी सिंचाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की बैठक के साथ ही नर्मदा नियंत्रण मंडल और नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट लिमिटेड के संचालक मंडल की हुई बैठक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में सिंचाई क्षेत्र के विस्तार के लिए निर्माणाधीन परियोजनाओं को शीघ्र पूरा किया जाए। प्रशासकीय और वित्तीय कठिनाईयों को दूर कर लंबित कार्यों की पूर्णता सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने इस क्रम में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण द्वारा बरगी व्यपवर्तन परियोजना के कार्यों को आधुनिक तकनीक का उपयोग कर तेजी से पूरा करने के प्रयासों की प्रशंसा भी की।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश की सबसे अधिक लम्बाई 11.952 कि.मी. की स्लीमनाबाद टनल (जल सुरंग) का 85 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इस परियोजना के पूर्ण होने पर शीघ्र ही उद्घाटन कार्यक्रम होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में रविवार को समत्व भवन में नर्मदा घाटी



विकास प्राधिकरण की 270 वीं बैठक में यह जानकारी दी गई। प्राधिकरण की बैठक के साथ ही नर्मदा नियंत्रण मंडल की 87 वीं बैठक और नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट लिमिटेड के संचालक मंडल की 34 वीं बैठक भी हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाओं के कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए।

#### दो वर्ष की अवधि में रिकार्ड सिंचाई क्षेत्र का विस्तार

बरगी व्यपवर्तन परियोजना की स्वीकृति वर्ष 2008 में हुई थी। कार्यों में अनेक तरह की बाधाएं भी सामने आईं लेकिन बीते दो वर्ष में तेजी से कार्य पूरे किए गए। स्लीमनाबाद टनल के निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए प्रशासकीय और वित्तीय स्तर पर कमियों को दूर करते हुए कार्य पूर्ण किए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और नर्मदा घाटी विकास विभाग ने परियोजना के कार्यों की सतत समीक्षा भी की है। टनल के पश्चात 1.85 लाख हेक्टेयर कमान क्षेत्र को हराभरा जीवन प्राप्त होगा। इस टनल के राष्ट्रीय राजमार्ग, रेल्वे लाइनों, भूमिगत क्रॉसिंग और आबादी क्षेत्र इत्यादि के नीचे से सुरक्षित गुजरते हुए संरचना को कोई क्षति नहीं पहुंची। प्रभावित परिवारों को मुआवजा राशि सहित पुनर्वास और सुरक्षित स्थानांतरण के कार्य संवेदनशीलता के साथ पूरे किए गए।

बरगी व्यपवर्तन परियोजना से जबलपुर के निकट स्थित बरगी बांध से निकलने वाली ट्रांस-वैली कैनाल प्रदेश की सर्वाधिक 227 क्यूमेक डिस्चार्ज करयिंग कैपेसिटी की मुख्य नहर 197 किमी होगी। जबलपुर, कटनी , सतना, मैहर, पन्ना और रीवा जिलों के 1450 गांव की दो लाख 45 हजार हेक्टेयर भूमि को स्थाई सिंचाई का वरदान मिलेगा। इस निर्माण कार्य में नर्मदा और सोन कछार को विभक्त करने वाली विंध्य पर्वत श्रंखला की रिज लाइन को पार करना, दुष्कर कार्य था। उच्च भूजल स्तर जैसी चुनौतियों भी सामने थीं, जो स्लीमनाबाद टनल के निर्माण से दूर करने की पहल की गई। यह टनल प्रदेश की जीवन रेखा नर्मदा की तरह एक किस्म की धड़कन होगी, जो देश की सबसे लम्बी जल सुरंग भी है। कुल 11.952 किमी लंबाई और 2 किमी व्यास की यह विशाल तरंग नर्मदा जल को बिना पंप की सहायता से प्राकृतिक प्रवाह के रूप में बहाते हुए विशाल क्षेत्र को लाभान्वित करने का माध्यम बनेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में बैठक में लिए गए निर्णय प्रदेश के किसानों को अतिरिक्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने, कृषि उत्पादकता बढ़ाने और जल संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे।

---



## दो लाख रूपये कीमती 24 पेटी अंग्रेजी शराब हुई जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

चारपहिया वाहन में शराब की तस्करी करने के मामले में नगर के भट्टा मोहल्ला निवासी दो युवकों को सिहोरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गये आरोपितों के पास से करीब 24 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की गई। तस्कर जबलपुर से शराब कटनी ला रहे थे।

पुलिस के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर देर रात एनएच-30 स्थित खुड़ावल मोड़ पर नाकाबंदी की गई थी। इस दौरान कार क्रमांक MP-21 ZG 7413 को रोककर जब तलाशी ली गई तो उसमें बड़ी मात्रा में शराब देखकर पुलिस भी दंग रह गई। कार में सवार अभय सिंह उर्फ विवेक ठाकुर और ऐजाज अहमद को हिरासत में लिया गया है। दोनों आरोपी कटनी के भट्टा मोहल्ला के निवासी हैं। कार की तलाशी के दौरान विभिन्न नामी कंपनियों की अंग्रेजी शराब की 24 पेटियां बरामद की गई जिनमें बोतलें और क्वार्टर शामिल थे। जब्त शराब की कीमत करीब 2,14,200 रुपये बताई गई है। इसके अलावा आरोपियों के पास से 54,500 रुपये नकद भी बरामद हुये हैं।

पुलिसिया पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि उन्होंने यह शराब जबलपुर जिले के ग्राम पौड़ा स्थित एक दुकान से खरीदी थी और इसे अवैध रूप से कटनी शहर में खपाने के लिए ले जा रहे पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया है।

---

*महामस्तिकाभिषेक, पूजा एवं शातिधारा का भी हुआ आयोजन*

## शोभायात्राः चांदी के रथ पर सवार हुए त्रिशला नन्दन, इंद्रों ने खींचा रथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर का 2625 जन्मकल्याणक महोत्सव सोमवार को स्लीमनाबाद में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जैन मंदिर में सुबह महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक का आयोजन कर पूजा अर्चना किया गया। इसके बाद नगर में सुबह 8 बजे से शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में जैन समाज के लोगों ने बढ़ चढकर हिस्सा लिया। महावीर जयंती को लेकर सुबह से ही जैन मंदिरों में चहल-पहल रही। यात्रा के स्वागत के लिए नगर में जगह-जगह रंगोली सजाई गई थी। जहां शोभा यात्रा के पहुंचते ही लोगों ने पूजा अर्चना कर यात्रा का स्वागत किया।

शोभायात्रा में सबसे आगे



श्रद्धालु धर्म ध्वज लेकर चल रहे थे। यात्रा में भगवान महावीर जी का रथ,आचार्य विद्यासागर महाराज की फोटो लगाकर रथ व कलश रथ सजाया गया था। यात्रा में बैंड-बाजे पर जैन समाज के लोग नाचते झूमते चल रहे थे। इस दौरान जैन समाज के पुरुष सफेद वस्त्र व महिलाएं पीली साड़ी धारण किए हुए थे। समाज के लोग भगवान महावीर के जयकारे लगाते चल रहे थे। शोभायात्रा में सैकड़ो की संख्या में श्रद्घालु शामिल हुए।

यात्रा जैन मंदिर से शुरुआत की गई जो नगर भ्रमण करते हुए पाश्र्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पहुंचकर यात्रा का समापन किया गया। इस दौरान जैन समाज के साथ ही अन्य समाज के लोगों ने विमानों पर पुष्पवर्षा कर अपने घरों के सामने आरती उतार कर शोभायात्रा की आगवानी की। जगह-जगह पेय पदार्थ व फल वितरण कर शोभायात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। आयोजनों में महिला - पुरुषों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था तथा लाईटिंग की गई थी। मंदिर में अभिषेक के पश्चात ध्वजारोहण, शांति धारा एवं पूजन हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं ने भगवान महाप्रभु को श्रद्धाभाव के साथ पालना झुलाया। शाम के समय महाआरती, प्रवचन, प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।इस अवसर पर अध्यक्ष श्रेयांस जैन, प्रदीप जैन, आकेश जैन,संदीप जैन, सतीशचन्द्र जैन, मयूर जैन,संजय जैन,पप्पू जैन आदि उपस्थित रहे।

---

### श्रीजी की निकाली गई शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत



आचार्य विद्या सागर युवा मंडल के तत्वाधान में अहिंसा के अग्रदूत भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के पावन अवसर पर प्रातः महावीर चौक से श्रीजी की भव्य शोभायात्रा प्रारंभ होकर घंटाघर, गर्ग चौराहा, नई बस्ती, हीरागंज, गोलबाजार, मेन रोड, सुभाष चौक, कपड़ा बाजार, जवाहर चौक से होते हुए महावीर कीर्ति स्तम्भ में समाप्त हुई। यात्रा में सबसे आगे धर्मध्वज लिए अश्वारोही धार्मिक झांकियां, भजन गाते युवा जन डांडिया, गरबा नृत्य करती महिलाएं, महावीर जी के संदेशों की तख्ती लेकर रात्रिकालीन पाठशाला बालक बालिकाएं चल रही थी। दो पालकी एवं दो रथ पर सवारी श्री जी को लेकर भक्तगण चल रहे थे। शोभायात्रा में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप रायल, जैन मिलन संस्था द्वारा स्वागत एवं श्री 1008 चंद्रप्रभ ज्ञानोदय संगीत मंडल द्वारा सुभाष चौक पर महाआरती एवं भोजन वितरण किया गया। यात्रा में सभी जैन मंदिरों के पदाधिकारियो सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में धर्मानुरागी बंधुओं माताओ वहनों ने शामिल होकर धर्मलाभ लिया।

---

## गैस की उपलब्धता और बढ़ी हुई क़ीमतें की जाये कम, कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

ईरान -इजरायल युद्ध के बीच देश में उपजी समस्या के चलते इन दिनों आम नागरिक अपनी जरूरत की चीजों को लेकर परेशान हो रहा है। स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र में भी सबसे ज्यादा गैस उपभोक्ता गैस की समस्या को लेकर परेशान हो रहे है। आम नागरिक को परेशानी न हो इसके लिए कांग्रेस पार्टी ने सोमवार को सरकार के खिलाफ हल्ला बोल करते हुए राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपा। सौपे गये ज्ञापन के माध्यम से मांग की गईं कि घरेलू गैस सिलेंडर की दरो मै वृद्धि होने एवं आम नागरिकों को गैस सिलेंडर नही मिल पा रहा है। गैस सिलेंडर के लिए सुबह से लेकर शाम तक लाइनों मै लगकर खड़ा होना पड़ रहा है



इसलिए गैस दामों की वृद्धि कम व गैस की उपलब्धता कम की जाये, जिससे लोगों को परेशान न होना पड़े बिजली की दरों मै मूल्य वृद्धि हो जाने के कारण घरेलू उपभोक्ता एवं किसान परेशान हो रहा है, इसलिए बिजली दरों की बड़ी हुई दरों को तत्काल निरस्त किया जाये।

वर्तमान में खेती किसानी का काम चल रहा है साथ ही शादी विवाह का सीजन भी शुरू होने वाला है लेकिन पेट्रोल -डीजल की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा मै नही हो पा रही है, जिससे समस्याएं उत्पन्न हो रही है। इसलिए पेट्रोल -डीजल की पर्याप्त मात्रा मै उपलब्धता कराई जाये, जिससे किसानों व आम लोगों को परेशानी न हो। ज्ञापन सौपे जाने के दौरान जिला पंचायत सदस्य व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पं. प्रदीप त्रिपाठी,आदित्य दुबे,अनुराग मिश्रा, आकेश जैन आदि मौजूद रहे।

---

*सहकारिता किसान सम्मेलन एवं कार्यशाला का हुआ आयोजन*

## सहकारिता के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं किसानों को संगठित करना ही उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ढीमरखेड़ा विकासखंड अंतर्गत बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, ढीमरखेड़ा में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता किसान सम्मेलन एवं कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम की रैली के साथ हुई, रैली ने क्षेत्र में सहकारिता के महत्व का सशक्त संदेश दिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत की सहकारिता एवं उद्योग समिति की सभापति कविता पंकज राय रहीं। उन्होंने उपस्थित किसानों एवं जनसमूह का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने का



आह्वान किया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सहायक आयुक्त सहकारिता राजयशवर्धन कुरील ने सहकारिता के सिद्धांतों, योजनाओं एवं किसानों के लिए इसके लाभों पर विस्तार से जानकारी दी। जबकि विशिष्ट अतिथि सतीष ज्योति ज्योतिषी ने किसानों को सहकारी संस्थाओं से जुड़कर अधिकतम लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई। कार्यक्रम का मंच संचालन अंकेक्षण अधिकारी विजय मिश्रा ने किया, जबकि अंत में प्रशासक बी-पैक्स समिति ढीमरखेड़ा बैबी नैना मेहरा ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं किसानों के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को सहकारिता के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना एवं योजनाओं का अधिकाधिक लाभ दिलाना रहा। आयोजन ने क्षेत्र में सहकारिता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और किसानों को संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें नरेन्द्र त्रिपाठी, आशीष चौरसिया, दुर्गा पारस पटेल, राजा चौरसिया, अनिल बागरी (सरपंच नैगई), रमन शुक्ला, विनय ज्योतिषी (सरपंच सिमरिया), दीपू बैरागी, बसंत मिश्रा, शंकर तिवारी, ब्रजेश पटेल, प्रमोद गौतम सहित अन्य शामिल रहे। सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण से किया गया। सहकारिता विभाग के अधिकारियों में अनीता कोल (वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

---

### जिले में संकल्प से समाधान अभियान के तहत आयोजित हुए 74 शिविर

## 70 हजार 672 आवेदनों का निराकरण, हितलाभों का किया गया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में 12 जनवरी से 31 मार्च तक चले संकल्प से समाधान अभियान के दौरान 22 विभागों की 106 सेवाओं से संबंधित प्राप्त सभी 70 हजार 672 आवेदनों का निराकरण किया गया है। इसके लिए क्लस्टर, विकासखण्ड व जिला स्तर पर शिविरों का आयोजन कर आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया गया और योजनाओं के लिए पात्र व्यक्तियों को हितलाभों का वितरण किया गया।

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आयोजित संकल्प से समाधान अभियान के शिविरों में पंचायतों एवं नगरीय निकायों में शिविरों का आयोजन किया गया। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग को सर्वाधिक 27440, सामान्य प्रशासन विभाग को 11368, श्रम विभाग को 8823, राजस्व विभाग को 4586, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग को 3896, नगरीय विकास एवं आवास विभाग से संबंधित 3588 और सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को प्राप्त 3241, महिला बाल विकास विभाग को 2102, परिवहन विभाग को 1793, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 1433, उर्जा विभाग को 914, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विभाग को 321,कृषि विभाग को 208, उद्यानिकी विभाग को 133 और पशुपालन विभाग को 105, वित्त विभाग को 90, सहकारिता विभाग 62, सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम विभाग को 22, आदिम जाति कल्याण विभाग को 19 एवं जनजाती कार्य विभाग को 14 तथा तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग को 3 आवेदन मिले। इन सभी को शिविर में निराकृत किया गया।

#### शिविर में ये सुविधाएं मिली

संकल्प से समाधान के दौरान अनुसूचित जाति विभाग कल्याण विभाग द्वारा मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण नियम के अंतर्गत राहत प्राप्त न होने संबंधी सभी 19 प्राप्त आवेदनों का शिविरों में निराकरण किया गया। इसी प्रकार उच्च शिक्षा विभाग से संबंधित स्थानांतरण और चरित्र प्रमाण पत्र से संबंधित सभी 511 आवेदन निराकृत किये गये। इसके अलावा उद्यानिकी विभाग के तहत खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए विशिष्ट वित्तीय सहायता एवं व्यावसायिक उद्यानिकी फसलों की संरक्षित खेती प्रोत्साहन योजना व फल पौध रोपणी की अनुज्ञा जारी करने के प्राप्त सभी 133 आवेदन निराकृत किये गये। इसके अलावा नगरीय विकास एवं आवास विभाग को प्राप्त नो-डयूज प्रमाण पत्र, पीएम स्वनिधि योजना, हैण्ड पंप व टूयबवेल में सुधार भवन निमार्ण की स्वीकृति, अविवादित संपत्ति का नामांतरण ट्रेड लांयसेंस भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र जारी करना, अस्थायी व नवीनीकरण फायर एनओसी आदि से संबंधित 3588 आवेदनों को निराकृत किया गया। इसके अलावा परिवहन विभाग द्वारा लर्निंग ड्राईविंग लाइसेंस जारी करने, ड्राईविंग लांईसेंस के नवीनीकरण एवं वाहन पंजीयन के नवीनीकरण के मिले सभी 1793 के सभी आवेदन निराकृत किये गये। जबकि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में भवन निर्माण अनुज्ञा पत्र और नलजल योजना संबंधित प्राप्त 1433 आवेदन निराकृत किये गये। इसी प्रकार महिला बाल विकास विभाग द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना और प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के प्राप्त 2102 आवेदन निराकृत किये गये। इसके अलावा जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाणपत्र, विवाह पंजीयन, जन्म प्रमाण पत्र में बच्चे का नाम जुड़वाना और मृत्यु के 1 वर्ष पश्चात पंजीयन के लिए अनुमति संबंधी योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग को प्राप्त 3896 आवेदन निराकृत किये गये। राजस्व विभाग को चालू खसरा खितौनी अविवादित नामांतरण प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सीमांकन अविवादित बटवारा करना आदि के 4586 आवेदन निराकृत किये गये।

---

## भीषण गर्मी में शीतल पेयजल उपलब्ध कराने खोला प्याऊ

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के समन्वयक डॉ. तेजसिंह केसवाल एवं ब्लॉक समन्वयक अरविंद शाह के निर्देशन में जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम के प्रथम चरण के अंतर्गत जल मंदिर (प्याऊ) का उद्घाटन किया गया।

#### ग्राम पटना में आयोजन

यह कार्यक्रम नवांकुर संस्था आयुष जनकल्याण सेवा समिति, पटना (मढ़िया), सेक्टर बाकल द्वारा ग्राम पटना में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर रोजगार सहायक बद्रीप्रसाद लोधी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष मंजीत सिंह लोधी, नवांकुर सखिया द्रोपती बाई लोधी, सीमा लोधी,पार्वती लोधी, सोमवती लोधी, उदय चंद्र महतो,हनुमंत लाल पटैल उपस्थित रहे।

#### इनका रहा सहयोग

जन अभियान परिषद की सेक्टर नवांकुर संस्था संस्कार युवा समिति बहोरीबंद सहयोग से जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम द्वारा बढ़ती गर्मी शीतल पेयजल हेतु प्याऊ का शुभारंभ किया गया है।

#### इनकी रही उपस्थिति

इस पुनीत कार्य में जन अभियान परिषद की विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह , परामर्शदाता अवधेश बैरागी रामसिंह पटेल विनोद सिंह उमा अवस्थी, आशीष तिवारी, नवाकुर संस्था के सेक्टर प्रभारी मनोज कुमार समिति सदस्य संदीप रैदास राकेश चौधरी रामस्नेह अजीत दीवान किशन चौधरी राहुल कुमार ओमप्रकाश एवं छात्र उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## तीर्थंकर महावीर श्रीजी जन्मजयंती के अवसर पर रथयात्रा निकाली

**पथरिया।** जगत पूज्य परम आराध्य 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जन्मजयंती सम्पूर्ण भारत वर्ष में बड़े ही भक्तिभाव से मनाया गया जिसमें पथरिया में भी अलसुबह से जैन मंदिरों में जिन अभिषेक, शांतिधारा, विधान के साथ प्रवचनों का लाभ भी भक्तों को मिला। मुनि श्री 108 अगर्भ सागर,मुनि अभेद सागर जी महाराज का भी सानिध्य मिला दोपहर 1 बजे चमकती तपती धूप में भी गुरुभक्तों का उत्साह देखने योग्य था नंगे पांव श्रद्धालु कंधों पर विमान को विराजित किये हुए भक्ति भाव से चल रहे थे महिला मंडल,बालिका मंडल युवा मंडल के साथ अन्य सभी अपनी धार्मिक परिवेश में प्रसन्नता के साथ चल रहे थे साथ ही विमानयात्रा प्रमुख मार्गों से होते हुए अतिशय क्षेत्र बड़े मंदिर जी पहुँची जहां श्री जी का मंगल अभिषेक,शांतिधारा संगीत मय पूजन के साथ गुरुदेव के मंगल प्रवचनों का लाभ भक्तों को मिला गुरुदेव ने भगवान महावीर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके सिद्धान्तों को अपनाने के साथ जिओ और जीने दो का मंत्र दिया यह कल्याणकारी होगा।

केंद्रीय प्रभारी अधिकारी ने स्वास्थ्य, शिक्षा सहित निर्धारित इंडीकेटर्स की समीक्षा कर दिये दिशा निर्देश

# गर्भवती महिला पंजीयन से न छूटे तथा सभी बच्चों का टीकाकरण होः संयुक्त सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव और केंद्रीय प्रभारी अधिकारी अजीत कुमार ने सोमवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा सहित निर्धारित इंडीकेटर्स की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कोई भी गर्भवती महिला पंजीयन से न छूटे, सुनिश्चित किया जायें। उन्होंने संस्थागत प्रसव, एनीमिया और टीकाकरण पर समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा टीकाकरण से कोई भी बच्चा न छूटे, बच्चे देश के भविष्य हैं। बैठक में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर खास तौर पर मौजूद रहे। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव और केंद्रीय प्रभारी अधिकारी श्री कुमार ने जिले में टी.बी. रोग उन्मूलन के सबंध में चल रही गतिविधियों की जानकारी लेते हुए कहा टी.बी. के इलाज में दवा के साथ अच्छा डाइट भी आवश्यक हैं। इस दिशा में जिले में फुड बॉस्केट दी जा रही हैं, के सबंध मं बताया गया।



सीएमएचओ डॉं अठ्या ने बताया जनप्रतिनिधियों-गणमान्य नागरिकों और अधिकारियों-कर्मचारियों तथा समाज के लोगों द्वारा लगातार सहयोग दिया जा रहा हैं। इस दौरान शिक्षा विभाग की समीक्षा में जिले में शिक्षा के गुणात्मक सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों तथा स्कूल भवनों की मरम्मत गौण खनिज मद से कराये जाने की जानकारी दी गई। बताया गया प्रथम चरण में 187 स्कूल भवन, द्वितीय चरण में 102 और अब 135 स्कूल भवनों की मरम्मत के काम लिए जा रहे हैं। स्कूलों में पुस्तक वितरण के सबंध में डीपीसी श्री द्विवेदी ने बताया 01 अप्रैल से छात्रों को पुस्तक वितरण किया जायेगा, अभी 40 प्रतिशत पुस्तकें आ चुकी हैं, सत्र प्रारंभ होते ही वितरण प्रांरभ किया जायेगा। इसी क्रम में कृषि विभाग द्वारा विस्तार से की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी गई।

इस दौरान महिला बाल विकास, पशु चिकित्सा सहित अन्य विभागो के इंडिकेटर्स पर समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए तदानुसार कार्रवाई के लिए कहा गया। इस आयोजित बैठक में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा संयुक्त सचिव श्री अजीत कुमार सर का मार्गदर्शन मिला और लगातार मार्गदर्शन में जिला सभी इंडिकेटर्स में और बेहतर करेगा। उन्होंने कहा जिले को 03 करोड़ रूपये का पुरस्कार मिला हैं, का प्रोजेक्ट समय सीमा में बनाकर भेज दिया जायेगा, ओर आगे बेहतर कार्य करने की बात कही। जिले में नरवाई प्रबंधन और जैविक हाट, नेचुरल फार्मिंग, विलेज टूरिज्जम की दिशा में किए जा रहे प्रयासो की जानकारी दी गई। बैठक में सहायक कलेक्टर ऋषिकेश विजय ठाकरे, एडीएम मीना मसराम, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे सहित जिला अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के प्रारंभ में जिले का विजन डॉक्यूमेंट, एतिहासिक धरोहर, टूरिज्जम आदि पर प्रकाशित पुस्तकें कलेक्टर श्री कोचर ने भेंट की।

# धूमधाम से मनाई गई महावीर जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

नगर में भगवान महावीर की जन्म जयंती बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पूरे नगर में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें जैन समाज सहित समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 6 बजे प्रभात फेरी से हुई, जिसमें श्रद्धालु भक्ति भाव के साथ शामिल हुए। इसके पश्चात मंदिर प्रांगण में पूजन, अभिषेक, शांति धारा एवं विधान का आयोजन संपन्न हुआ। शाम 4 बजे महावीर जयंती के अवसर पर श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर पुराना बाजार और नया बाजार तक पहुंची। शोभायात्रा में ढोल-नगाड़ों, डीजे और गाजे-बाजे के साथ युवा वर्ग उत्साहपूर्वक झूमते-गाते नजर आया। यात्रा के दौरान जैन समाज और ग्रामवासियों द्वारा विभिन्न स्थानों पर श्रीजी की आरती की गई। ग्राम पंचायत परिसर में सरपंच शिवलाल धुर्वे और सचिव जन्मेजय दुबे ने आरती कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद शोभायात्रा श्रीराम चौराहा बस स्टैंड पहुंची, जहां ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अखिलेश सोनी सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी श्री की आरती की। शोभायात्रा शासकीय महाविद्यालय होते हुए पुनः जैन मंदिर पहुंची, जहां नगर भ्रमण के उपरांत श्रीजी का अभिषेक, पूजन और शांति धारा संपन्न हुई। इस दौरान प्रशासनिक व्यवस्था भी सुदृढ़ रही। नायब तहसीलदार राजेश साहू, थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान सहित पुलिस स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। पुलिस विभाग द्वारा शोभायात्रा के दौरान पूरे समय यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखी गई। महावीर जयंती के इस आयोजन ने नगर में धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया।

## हादसे को न्योता दे रहे भूसे से भरे ओवरलोड वाहन



**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों गेंहू और चना की कटाई के बाद बना भूसा ले जा रहे वाहन राहगीरों के लिए मुसीबत बन गए हैं जबलपुर दमोह तारादेही और सागर सहित अन्य मार्गों से गुजर रहे ओवरलोड वाहनों में क्षमता से अधिक भूसे से भरे वाहनों से दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। आए दिन क्षमता से अधिक मात्रा में भूसे से भरे वाहन गुजरते रहते हैं। वहीं दिन में इनके पीछे बाइक सवार का चलना मुश्किल हो है जाता है क्योंकि फ़टे तिरपाल से ये भूसा बाहर उड़ता रहता है रात में दुर्घटनाओं का अधिक अंदेशा रहता है। वाहन की बॉडी से काफी बाहर तक भूसा भरा होने से इनके पीछे चलने वाले वाहन दिखाई नहीं देते हैं। सड़कों की चौड़ाई कम होने से सामने से आ रहे वाहनों को जगह नहीं मिल पाती है जिसके कारण आए दिन आधा आधा घंटे तक जाम जैसे हालात बन जाते हैं वहीं पीछे चलने वाले वाहन भी ओवरटेक करने में कई बार दुर्घटना का शिकार हो जाते इस और पुलिस प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है जिससे प्रतीत होता है किसी दिन इन भूसा वाहनों से बड़ा हादसा घटित हो सकता है।

## भगवान महावीर जन्मोत्सव शोभायात्रा में युवाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया





**बनवार।** भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव के अवसर पर बनवार, परस्वाहा एवं चोपरा चौबीसा सहित जबेरा जनपद क्षेत्र के विभिन्न गांवों में भव्य आयोजन किए गए। श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ निकाली गई शोभायात्राओं ने पूरे क्षेत्र को धर्ममय बना दिया। बनवार ग्राम में भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भगवान महावीर की आकर्षक प्रतिमा को सुसज्जित पालकी में विराजित कर बड़े जैन मंदिर से पांडुक शिला तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मार्ग में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह स्वागत कर पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात छोटे मंदिर में भगवान का महामस्तकाभिषेक विधान एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए। जवेरा जनपद के ग्राम परस्वाहा में भी महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर में पूजन-अभिषेक का क्रम चला। इसके बाद 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की प्रभात फेरी पूरे गांव में निकाली गई। जुलूस के दौरान प्रत्येक घर पर भगवान की आरती उतारी गई। कार्यक्रम का समापन तालाब के पास स्थित पांडुक शिला पर ध्वजारोहण के साथ हुआ, जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने भाग लिया। ग्राम चोपरा चौबीसा में सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा महावीर जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ होकर गांव के प्रमुख मार्गों से होती हुई श्री दिगंबर जैन पारसनाथ मंदिर पहुंची, जहां भगवान का अभिषेक किया गया। कार्यक्रम के अंत में समाजजनों द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। इन सभी आयोजनों में जैन समाज के महिला, पुरुष एवं बच्चों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे क्षेत्र में धार्मिक आस्था और भक्ति का विशेष उत्साह देखने को मिला।

## सूअरों से टकराई बाइक, वनरक्षक घायल

**तेंदूखेड़ा।** वन परिक्षेत्र अंतर्गत बासनघाट बीट में पदस्थ एक वनरक्षक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार देर शाम लगभग 8 बजे वनरक्षक अभिराज झारिया पिता कैलाश झारिया उम्र 28 वर्ष, निवासी धनगुवा थाना सिहोरा जिला जबलपुर, अपनी नियमित बीट भ्रमण ड्यूटी से वापस तेंदूखेड़ा स्थित निवास लौट रहे थे। इसी दौरान जंगल मार्ग पर अचानक 3–4 जंगली सूअर उनके सामने आ गए। वन्यजीवों को बचाने के प्रयास में उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सूअर से टकरा गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद अन्य वनकर्मियों द्वारा उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वर्तमान में उनका इलाज जबलपुर स्थित एक निजी अस्पताल में जारी है, जहां डॉक्टरों द्वारा उनके पैर के गंभीर फ्रैक्चर का ऑपरेशन किया जा रहा है। घायल वनरक्षक ने बताया कि इन दिनों जंगलों में आगजनी की घटनाओं की रोकथाम हेतु उन्हें देर रात तक गश्त करनी पड़ती है। घटना के समय भी वे ड्यूटी से लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में पानी की कमी के कारण जंगली जानवर अक्सर जंगल से बाहर निकलकर पानी की तलाश में भटकते हैं। आशंका जताई जा रही है कि सूअरों का झुंड भी पानी की तलाश में पास के क्षेत्र में गया था और लौटते समय यह हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा एवं घटना की जानकारी पुलिस को भी दी गई और विभाग ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। विभागीय अधिकारियों द्वारा पूरे मामले की निगरानी की जा रही है। वन विभाग ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए जंगल क्षेत्रों में गश्त के दौरान अतिरिक्त सावधानी बरतने की अपील की है। साथ ही ग्रामीणों और वाहन चालकों को भी जंगल मार्गों पर विशेष सतर्कता रखने की सलाह दी गई है, ताकि इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

## युवक क्रांति संगठन का हास्य कवि सम्मेलन आज

**दमोह।** प्रतिवर्षानुसार युवक क्रांति संगठन द्वारा अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन आज 31 मार्च 2026 मंगलवार को रात्रि 9 बजे से कीर्ति स्तंभ चैराहा पर किया जा रहा है। इस हास्य कवि सम्मेलन में देश के ख्याति प्राप्त कवि शिरकत करेगें जिनमें कुंवर जावेद (राजस्थान),अतुल ज्वाला (इंदौर),भूपेन्द्र राठौर (कोटा), कामता माखन रीवा,डॉ.प्रेरणा ठाकरे (नीमच),डॉ.शुभम् त्यागी (मेरठ),सुश्री काव्या मिश्रा (मुम्बई),श्रीमती बबीता चैबे (दमोह), काव्य पाठ करेंगे। कार्यक्रम में एक दीप विश्व शांति के नाम पर प्रज्जवलित किया जायेगा साथ ही युवक क्रांति संगठन की महिला शाखा का शपथ ग्रहण,स्मारिका का विमोचन एवं प्रतिभा सम्मान भी उपस्थित अतिथियों के द्वारा किया जाएगा । कार्यक्रम की जानकारी संयोजक सुधीर विद्यार्थी ने देते हुए बताया कि इस वर्ष इस भव्य कार्यक्रम में अतिथियों में दमोह जिले के पूर्व कलेक्टर प्रभुदयाल मीना,जबलपुर हाईकोर्ट की पूर्व न्यायमूर्ति श्रीमती विमला जैन,पूर्व आई.ए.एस. सुरेश जैन,अजय टंडन पूर्व विधायक दमोह, श्याम शिवहरे जिलाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी,श्रुतकीर्ति सोमवंशी पुलिस अधीक्षक दमोह पूर्व डी.एफ ओ.अजय भट्टाचार्य, मनोज कुमार जैन, महाप्रबंधक कृषि भोपाल,आशुतोष चैकसे प्रदेश अध्यक्ष एन.एस.यू.आई भोपाल इंजी.आर.के.जैन महामंत्री कुण्डलपुर क्षेत्र पधार रहें है।

# कार्यकर्ताओं को मिला नेतृत्व और सेवा का मंत्र




**दमोह।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत जबेरा विधानसभा क्षेत्र में नोहटा एवं तारादेही मंडल का संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम नगर तेंदूखेड़ा और जबेरा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। संगठनात्मक मजबूती और कार्यकर्ताओं के सर्वांगीण विकास को केंद्र में रखकर आयोजित इस कार्यक्रम ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और दिशा का संचार किया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति, अनुशासन और जनसेवा के मूल सिद्धांतों से अवगत कराना रहा। इस दौरान कार्यकर्ताओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर सेवा करने के लिए प्रेरित किया गया, जिससे संगठन के प्रति निष्ठा और समर्पण और अधिक मजबूत हो सके। बैठक में बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने, आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तैयार करने और जनसंपर्क को प्रभावी बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यकर्ता निर्माण, नेतृत्व विकास, संवाद कौशल और सेवा भाव जैसे पहलुओं पर भी विशेषज्ञ मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की गई, ताकि कार्यकर्ता इन योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचा सकें। साथ ही क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भविष्य की विकास योजनाओं पर भी चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कार्यकर्ता गोपाल पटेल और रामेश्वर पटेल ने की, जिन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का संदेश दिया। जिला मंत्री भारत सिंह ने संगठनात्मक एकजुटता पर जोर दिया। वहीं तारादेही मंडल प्रभारी विनीता कुलस्ते और मंडल अध्यक्ष मनोहर सिंह लोधी ने मंडल स्तर की गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में रमन खत्री, सुमन उपाध्याय, रानू नामदेव, दीपक उपाध्याय, मनीष सोनी, संजय सेन, सतपाल सिंह, रुपेश सेन सहित कई कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी करते हुए अपने विचार और सुझाव रखे। दोनों मंडलों के बूथ अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं की उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बना दिया। यह प्रशिक्षण न केवल संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण साबित हुआ, बल्कि कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा, उत्साह और जनसेवा के प्रति समर्पण की भावना भी जागृत कर गया। प्रशिक्षण के जरिए संगठन अब जमीनी स्तर पर और मजबूत होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# 45 किमी लंबी नर्मदा लाइन में लीकेज

### तेंदूखेड़ा में नहीं मिल रहा समय पर पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



नगर में नर्मदा जलापूर्ति योजना इन दिनों गंभीर अव्यवस्थाओं का शिकार होती दिखाई दे रही है। लगभग 45 किलोमीटर दूर लम्हेटाघाट से तेंदूखेड़ा तक लाई गई नर्मदा जल लाइन में अनेक स्थानों पर हो रहे लीकेज के कारण नगर में नियमित एवं व्यवस्थित जल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। यह महत्वाकांक्षी योजना, जो आम नागरिकों को राहत देने के उद्देश्य से शुरू की गई थी, अब लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। गर्मी के इस मौसम में जब जल की आवश्यकता सबसे अधिक होती है, तब भी नर्मदा जल सप्लाई का कोई निश्चित समय निर्धारित नहीं है। स्थिति इतनी खराब है कि कई क्षेत्रों में 48 घंटे बीत जाने के बाद भी लोगों को पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इससे आमजन को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। नगर के कई वार्डों में अभी भी नगर परिषद की पुरानी जल आपूर्ति व्यवस्था पर निर्भर रहना पड़ रहा है। सोमवार को भी बासन घाट क्षेत्र की पाइपलाइनों में लीकेज के चलते पानी सही तरीके से नहीं पहुंच पाया। यही स्थिति नगर के अन्य हिस्सों में भी बनी हुई है, जहां कई स्थानों पर पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण पानी का बहाव प्रभावित हो रहा है। इन लगातार लीकेज की वजह से नगर में बनी जल टंकियां भी समय पर नहीं भर पा रही हैं, जिसके कारण जल वितरण प्रणाली पूरी तरह चरमरा गई है। नागरिकों ने संबंधित विभाग और नगर परिषद से मांग की है कि जल्द से जल्द पाइपलाइनों की मरम्मत कर जल आपूर्ति को सुचारु बनाया जाए, ताकि इस भीषण गर्मी में लोगों को राहत मिल सके।

## जबेरा पशु चिकित्सालय में अव्यवस्था

### डॉक्टर की अनुपस्थिति से कुत्ते की मौत का आरोप

**जबेरा।** नगर के पशु चिकित्सालय में पदस्थ अधिकारी कर्मचारी अपनी मनमानी एवं अपने पदीय कर्तव्यों के प्रति इतने उदासीन है कि संपूर्ण क्षेत्र वासियों में शासकीय पशु चिकित्सालय की अव्यवस्थाओं को लेकर के पशुपालकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। आरोप है कि यहां



पदस्थ डॉक्टर श्रीकांत पटेल की लापरवाही और मनमानी लगातार जारी है। वे न तो समय पर अस्पताल पहुंचते हैं और न ही पशु मालिकों से उचित व्यवहार करते हैं। शनिवार दोपहर करीब 2 बजे जब मीडिया टीम अस्पताल पहुंची, उस समय एक कुत्ते का मालिक अपने बीमार पशु को इलाज के लिए लेकर आया था, लेकिन अस्पताल में कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। समय पर उपचार न मिलने के कारण कुत्ते की मौत हो गई। इस घटना के बाद पशु मालिकों में भारी नाराजगी देखने को मिली। पशुपालकों का कहना है कि अस्पताल का निर्धारित समय सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक है, लेकिन इसके बावजूद डॉक्टर अक्सर अनुपस्थित रहते हैं। मौके पर केवल एक प्राइवेट कर्मचारी और एबीएफओ मनोज श्रीवास्तव ही मौजूद मिले। स्थानीय लोगों ने बताया कि डॉक्टर श्रीकांत पटेल पिछले तीन दिनों से अस्पताल ही नहीं आ रहे हैं । वह बिना किसी पूर्व सूचना के अपने घर चले जाते हैं। इस मामले में जब जिला पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. बृजेंद्र असाटी से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि यदि डॉक्टर की इस प्रकार की कार्यप्रणाली, तथा अनुपस्थिति की पुष्टि होती है, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय पशुपालकों ने प्रशासन से मांग की है कि अस्पताल में नियमित रूप से डॉक्टर की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि पशुओं को समय पर उपचार मिल सके और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# 3 वर्षों में दिए गए सबमर्सिबल पंपों में सामने आई भारी अनियमितताएं

### लोक स्वास्थ्य यांत्रकीय विभाग द्वारा सबमर्सिबल पंप में भारी अनियमितताएं पंचायत स्तर पर विगत 3 वर्षों से जारी है लूट खसोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



प्रदेश की सरकार आम जनता की सुविधा एवं सहूलियत के लिए चाहे कितने भी प्रावधान करें परंतु शासन के नामयुइंदे अधिकारी शासन की योजनाओं को पलीता लगाते हुए भारी भ्रष्टाचार कर रहे हैं। उसी क्रम में जनपद पंचायत जबेरा की उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह के द्वारा लोक स्वास्थ्य यंत्र की विभाग द्वारा समरसेबल वितरण में किए गए भ्रष्टाचार को उजागर करते हुए बताया कि व्यक्ति तीन वर्षों से

दमोह जिला पंचायत के अंतर्गत लोकसभा स्वास्थ्य यंत्रकीय विभाग द्वारा किसी जनप्रतिनिधि की अनुशंसा एवं सरपंच के प्रस्ताव द्वारा जिले में पंचायत स्तर पर चारों विधानसभा क्षेत्र में सिंगल फेज सबमर्सिबल पंप लगाए गए जिसमें से वर्ष 2023 -24 में 100 सबमर्सिबल इसमें पथरिया विधानसभा क्षेत्र को 37 सबमर्सिबल दिए गए। वर्ष 2024 - 25 में 98 सबमर्सिबल जिले भर में दिए गए जिसमें से पथरिया विधानसभा को 67 सबमर्सिबल दिए गए एवं वर्ष 2025 - 26 में 99 सबमर्सिबल दिए गए जिसमें से अकेले पथरिया विधानसभा को 52 सबमर्सिबल दिए सबसे ज्यादा उपेक्षा जबेरा विधानसभा की हुई जहां वर्ष 24 - 25 में 7 सबमर्सिबल दिए गए एवं वर्ष 25- 26 में 8 सबमर्सिबल दिए गए पथरिया विधानसभा पर विभाग की इ तनी मेहरबानी क्यों ये भी जांच का विषय है जब जबेरा जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह के द्वारा धरातल पर इस योजना को देखा गया तो पता चला इसमें विभाग एवं सरपंचों की मिली भगत से बंदर बाट हुआ है। जबेरा जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत नोहटा में 2025-26 में विभाग द्वारा सुडा मोहल्ला के लिए सबमर्सिबल दिया गया। लेकिन जब धरातल पर देखा तो सबमर्सिबल किसी भी हैंड पंप में नहीं डाला गया था। सरपंच प्रतिनिधि लालू यादव एवं सचिव ने कहा कि 2025- 26 में हमें कोई सबमर्सिबल नहीं मिला है। इसी प्रकार हरदुआ सड़क में तालाब के पास एक सबमर्सिबल दिया लेकिन सचिव को इसकी कोई जानकारी नहीं थी। जब सरपंच मिट्ठू लाल सेन से पूछा तो उन्होंने बताया कि मैंने बंदरकोला गांव में निजी बोर के लिए किसी को दे दिया है जनता को उससे कोई लाभ नहीं। इसी प्रकार ग्राम पंचायत हिनौती टेंगापटी के सरपंच जितेंद्र सिंह से जब उसकी जानकारी ली तो उन्होंने कहा कि मैंने सलैया गांव को दिया है लेकिन जब ग्रामीनो से इसकी जानकारी ली तो उनका 2 साल से इसमें कोई पंप नहीं डाला गया है। वर्ष 2024-25 में भी जबेरा ब्लॉक को तीन पंप दिए गए ग्राम रोहिणी का पंप किसी निजी व्यक्ति उपयोग कर रहा है। सरपंच मोहन सिंह ने बताया ग्राम पटी मेंभी बंद है बड़गवा गांव में जो पंप दिया उसकी जानकारी सरपंच को नहीं है। पता चला है सचिव ने अपने पास रखा है इसी प्रकार वर्ष 23- 24 में जबेरा जनपद में जो पंप दिए गए। उसमें दुगानी सरपंच ने कहा मुझे कोई पंप नहीं दिया गया घांगरी सरपंच भूपेश गंधरव ने जानकारी दी कि मेरे गांव घांगरी में कोई पंप नहीं दिया गया। विजय सागर के सरपंच राहुल यादव ने कहा कि मुझे भी तीन पंप वर्ष 23 -24 में मेरी ग्राम पंचायत को दिए गए। इसकी जानकारी मुझे नहीं है जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने मांग की।इस पूरी योजना में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग द्वारा जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत से बड़ी गड़बड़ी की गई है। बड़ा भ्रष्टाचार होना प्रतीत होता है मेरा जिले के माननीय कलेक्टर महोदय से निवेदन है कि पूरे विषय की निष्पक्ष जांच की जाए जिससे सच्चाई जनता के सामने आए एवं दोषियों पर नियमानुसार कठोरतम कार्यवाही करने की मांग की है।

### अभूतपूर्व भक्ति, श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव, झांकियां रही आकर्षण का केंद्र

# 'जियो और जीने दो' के संदेश के साथ निकली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भगवान महावीर स्वामी के पावन जन्मकल्याणक महोत्सव पर दमोह नगर पूर्णतः धर्ममय वातावरण से सराबोर हो उठा। श्री दिगम्बर जैन पंचायत दमोह के नेतृत्व में एवं जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह के संयोजन में यह भव्य आयोजन पूज्य मुनि श्री पद्म सागर जी महाराज ससंघ, गणनी आर्यिका सौम्यनंदनी माता जी ससंघ एवं आर्यिका श्री साधू मति माता जी ससंघ के सानिध्य में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। प्रातःकाल सिटी नल से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई नसिया जी मंदिर पहुंची, जहां 32 इंद्रों के माध्यम से भगवान श्री जी का भव्य मस्तकाभिषेक संपन्न हुआ। अभिषेक उपरांत शोभायात्रा पुनः पलंदी मंदिर होते हुए सिटी नल पहुंचकर संपन्न हुई। इसके पश्चात सिंघई मंदिर में भगवान का पुनः अभिषेक संपन्न किया गया। शोभायात्रा में विभिन्न मंदिरों की पाठशालाओं, महिला मंडलों एवं बालिका मंडलों द्वारा अनुशासित एवं आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं।














दिव्य घोष, भक्ति गीत एवं एकरूप वेशभूषा में किए गए प्रदर्शन ने सभी का मन मोह लिया। सुंदर एवं जीवंत झांकियों में भगवान महावीर के जीवन प्रसंगों का मनोहारी चित्रण किया गया। सुधा सागर व्यायामशाला द्वारा शस्त्र प्रदर्शन एवं गौशाला की झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया। इस अवसर पर क्षुल्लक श्री तात्पर्य सागर जी महाराज ने अपने ओजस्वी प्रवचन में कहा कि तीर्थंकर भगवान का जन्म समस्त जीवों के कल्याण हेतु होता है और यह उनका अंतिम जन्म होता है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर का "जियो और जीने दो" का सिद्धांत आज भी मानवता के लिए मार्गदर्शक है। यदि हम उनके जीवन आदर्शों को अपनाएं, तो समाज में शांति, अहिंसा और सद्भाव स्थापित हो सकता है। आर्यिका श्री साधू मति माता जी ने अपने प्रेरणादायी प्रवचन में कहा कि गुरु आज्ञा का पालन ही सच्ची साधना है। समय के साथ चलते हुए धर्म के मार्ग पर दृढ़ रहना ही आत्मकल्याण का पथ है। उन्होंने भगवान महावीर के पंच नामों का आध्यात्मिक महत्व समझाते हुए उन्हें जीवन में उतारने का संदेश दिया। गणनी आर्यिका सौम्यनंदनी माता जी ने अपने मंगल उद्बोधन में कहा कि धर्ममार्ग पर किया गया प्रत्येक छोटा प्रयास भी महान फलदायी होता है। शोभायात्रा में श्रद्धा से उठाया गया एक-एक कदम पापों के क्षय का कारण बनता है, वहीं देव-शास्त्र-गुरु के सानिध्य में पूरी यात्रा करने से अनंतानंत कर्मों का क्षय होता है। कार्यक्रम के दौरान समाज सेवा में निरंतर सक्रिय एवं साधु-संतों की सेवा में समर्पित चिकित्सकों—डॉ. स्वदेश जैन, डॉ. गौरव नायक, डॉ. सौरभ चौधरी, डॉ. अभय जैन एवं आनंद जैन पैथोलॉजी सहित फिजियोथेरेपी सेवाएं देने वाले चिकित्सकों का श्री दिगम्बर जैन पंचायत दमोह द्वारा सम्मान किया गया। सांध्यकाल में पारस पैलेस में महिला मंडलों एवं पाठशालाओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। सम्पूर्ण आयोजन में समाज के सभी वर्गों—पुरुष, महिलाएं, युवक-युवतियां एवं बच्चों—की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। पूरा नगर भक्ति, उल्लास एवं धार्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत नजर आया। इस भव्य आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ किया, बल्कि समाज में एकता, अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों का उत्कृष्ट संदेश भी दिया।

## नारी शक्ति की दिखी झलक




महावीर जयंती के परम पावन पुनीत दिन शिवनगर महिला मंडल ने अपनी वेशभूषा से आधुनिक भारतीय नारी का चित्रण किया है जिसमें सर्वप्रथम जैन आर्यिका माताजी श्री 105 पूर्णमति माताजी जो जैन धर्म की प्रख्यात साध्वी और विदुषी है और साहित्य की रचना जाने वाली है माता जी का रोल यशिका जैन ने किया। राष्ट्रपति आदरणीय श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी का रोल ऋतु जैन ने किया जो देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति हैं। दूसरा महिला सशक्तिकरण के सहित कई क्षेत्रों में सहयोग प्रदान करती हैं रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष नीता अंबानी का रोल श्रीमती सुप्रिया जैन ने किया। भारत की प्रथम महिला डॉक्टर आनंदीबेन गोपाल राव जोशी थी उनका रोल श्रीमती मंजू नायक ने किया और दूसरा नगर की प्रसिद्ध डॉक्टर प्रियंका तारण थी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकी ठिकानों को नष्ट करने वाली करनाल सोफिया कुरैशी और वयमिका का रोल रितु नायक और नैना जैन ने किया। इसके साथ ही न्यायाधीश और वकील अमित जैन रूबी जैन रुचि जैन और आयुषी जैन एकता जैन, महिला पुलिसकर्मी आराधना जैन और सुरभि पालंदी, सानिया नेहवाल दीपांशी जैन, देश की रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण आरजू जैन, साक्षी जैन मिस यूनिवर्स में दिव्या जैन, सुषमा स्वराज एकता जैन, शिक्षक के रोल में रूपाली और हेमलता जैन, सुधा मलैया के रोल में कविता जैन और रूबी जैन थी। पटवारी जी के रोल में ऋचा जैन रही। इस प्रकार महिला परिवार की धुरी ममता की मूरत और संघर्ष की शक्ति का प्रतीक है। इस प्रकार शिवनगर महिला मंडल और महिला जैन मिलन ने मिलकर आज नारी शक्ति और नया भारत सशक्त को उद्घाटित किया है।

## सिग्रामपुर में महावीर जयंती धूमधाम से मनाई



**सिंग्रामपुर।** जैन समुदाय द्वारा सोमवार को भगवान महावीर जयंती ग्राम में धूमधाम से मनाई गई। सुबह 6 बजे प्रभात फेरी निकाली गई 8.30 बजे शोभा यात्रा श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से गाजे बाजे भक्ति उत्साह के माहौल में निकाली गई घर-घर में भगवान महावीर की भक्ति उत्साह माहौल के बीच घर घर-घर रंगोली सजाई गई मंदिर प्रांगण में श्री जी का अभिषेक शांतिधारा पूजन पाठ का भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ पाठशाला की बहनों द्वारा बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए वह शाम को मंदिर जी मैं आरती प्रवचन बच्चों द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियों को लेकर अभी से तैयारियां शुरू हो गई हैं समाज के लोगों ने भगवान महावीर की प्रतिमा को सजाकर शहर में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम में पाठशाला के बच्चों को प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार वितरित किए गए पाठशाला की दीदी श्रद्धा, मोनिका, चंचल जैन ने बताया बाल जैन सरस्वती पेपर हुआ था जिनमें लिखित पेपर में अभि जैन युग जैन,अमोल जैन पुरस्कार वितरित किए गए, मौखिक छोटे बच्चों में आरवी,निविशा जैन, नित्या जैन बच्चों को प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार प्राप्त किए गया।

## महावीर भगवान की भव्य शोभा यात्रा में जगह-जगह उतारी गई आरती



**तेंदूखेड़ा।** सोमवार को 24 वें तीर्थंकर 1008 भगवान श्री महावीर स्वामी का जन्मोत्सव बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। सुबह से सकल जैन समाज के लोग नगर के भगवान पाशर्वनाथ जिनालय एवं भगवान शांतिनाथ जिनालय में भगवान महावीर जी की शांतिधारा, अभिषेक, पूजन-अर्चन किया गया। इसके बादं भगवान श्रीजी की पालकी सजा कर बड़ी धूम धाम से बैंड बाजों, डीजें के साथ भगवान महावीर जी की शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में माताएं, बहिने, बच्चे, बूढ़े सभी भगवान महावीर के जयकारे लगाते हुए चल रहे थें। साथ ही जगह जगह जैन परिवारो के द्वारा अपने अपने घरों के सामने रंगोलिया सजा कर भगवान महावीर स्वामी की आरती उतार कर पूजन अर्चन किया। शोभायात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए शांतिनाथ जैन मंदिर पहुची जहां पर विधिवत पूजन किया गया। इसके बाद पुनः शोभा यात्रा मंदिर जी पहुंची जहां पर अभिषेक पूजन हुआ। संध्या काल में दीपो से भगवान महावीर जी की महा आरती की गई। भगवान का पालना भी झुलाया गया।

## हटा में भी निकली शोभायात्रा



**हटा।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव पर हटा में श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के पूर्व सुबह नगर के सभी जैन मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान महावीर का अभिषेक पूजन किया गया इसके उपरांत दोपहर 3 बजे बैंड बाजों के साथ ध्वज पताका लेकर सुसज्जित पालकी में भगवान महावीर की प्रतिमा विराजमान कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा में महिलाओं व युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया. भजन-कीर्तन और बैंड-बाजों के बीच यात्रा बड़ा बाजार मंदिर से बजरिया होते हुए बड़कुल जैन मंदिर पहुंची जहां पर भगवान महावीर का आरती पूजन कर पालकी में सवार श्रीजी की आरती की गई तदोपरांत मंदिर से वापस होकर बालाजी वार्ड से नावघाट होते हुए बड़ा बाजार स्थित जैन वेदी पहुंची जहां पर समाज के प्रमुख लोगों द्वारा ध्वजारोहण कर भगवान का अभिषेक पूजन किया गया इसके उपरांत विविध आयोजन किए गए। शोभायात्रा के दौरान जैन समाज की महिलाओं बेटियों द्वारा जगह जगह आकर्षक रंगोली बनाकर लोगों द्वारा भगवान श्री जी का आरती पूजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जैन समाज द्वारा बताया गया कि महावीर केवल जैनों के नहीं, संपूर्ण मानवता के हैं, भगवान महावीर के सिद्धांत सार्वभौमिक हैं. उनका दिया 'जीओ और जीने दो' का संदेश आज भी प्रासंगिक है. उन्होंने कहा कि अहिंसा ही विश्व शांति का आधार है, त्याग और दया के बिना जीवन अधूरा है. इस दौरान सभी को महावीर के सिद्धांतों को जीवन में उतारने का आह्वान किया। इस दौरान हटा की सकल जैन समाज के लोगों की उपस्थिति रही।


## शोभायात्रा निकाल कर मनाई महावीर जयंती



**पटेरा।** नगर में भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सकल जैन समाज के तत्वाधान में शोभायात्रा परंपरानुसार जैन बडा मंदिर से प्रारंभ होकर सिंघई मंदिर, पुराना बाजार से होकर बस स्टेण्ड, बड़ा बाजार से होकर वापिस बड़ा मदिंर पहुंची जहां श्री जी का अभिषेक शांतिधारा व पूजन किया गया। घर घर श्री जी की आरती उतारकर खुशियां मनाई गई। शोभायात्रा में महिला मंडल बालिका मंडल अपनी वेशभूसा में तो वहीं नवयुवक मंडल की भजनो की प्रस्तुति व सकल समाज जन की उपस्थिति रही। उत्साह पूर्वक जन्म कल्याणक मनाया गया।

## अहिंसा ही हैं सर्वोच्च धर्म या कर्तव्यः मुनिश्री प्रबुद्ध सागरजी

**बनवार।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक (जन्मोत्सव) संत भवन सगरा में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महराज में परम शिष्य मुनि श्री प्रबुद्ध सागर जी महराज के मंगल सानिध्य कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान का अभिषेक पूजन शांतिधारा के साथ किया गया , भगवान को विमान जी में बैठकर ग्राम में शोभायात्रा निकाली गई जिसका सभी धर्मों के लोगों ने भव्य स्वागत किया जगह जगह रंगोली बनाकर , भगवान की आरती एवं मुनि श्री प्रबुद्ध सागर जी का पाद प्रक्षालन किया गया शोभायात्रा में अनेकांत विद्या पाठशाला के बच्चों ने भगवान के शुभ संदेश ₹जियो और जीने दो₹ अहिंसा परमो धर्मः को जन जन तक पहुंचाया। मुनि श्री ने प्रबुद्ध सागर जी ने प्रवचनों में कहा कि अहिंसा ही सर्वोच्च धर्म या कर्तव्य है। यह सिद्धांत केवल शारीरिक हिंसा न करने तक सीमित नहीं है, बल्कि मन, वचन और कर्म से किसी भी जीव (सूक्ष्मजीवों सहित) को चोट न पहुँचाने को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। यह जैन दर्शन का मूल आधार हैं , ₹सभी जीव एक-दूसरे पर आश्रित हैं और परस्पर सहयोग से जीवित रहते हैं₹। यह पारिस्थितिक संतुलन, अहिंसा और सह-अस्तित्व का संदेश देता है, जो बताता है कि हर जीव का अपना महत्व है और वे एक-दूसरे के उपकारी हैं। मीडिया प्रभारी प्रदीप जैन निराला ने बताया कि महावीर स्वामी जन्म कल्याणक चैत्र शुक्ल त्रयोदशी को मनाया जाता है। यह पर्व जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के उपलक्ष में मनाया जाता है। यह जैनों का सबसे प्रमुख पर्व है। इस भव्य कार्यक्रम को सभी समाज के सभी वरिष्ठ लोगों की एवं माताओं बहनों ने बच्चों ने बड़े धूम धाम से मनाया एवं धर्म लाभ अर्जित किया गया सकल जैन समाज एवं तीनों जैन मंदिर भक्त , मुनि सेवा समिति , पाठशाला के सभी बच्चे , शिक्षक एवं महिला मंडल , नवयुवक मंडल , सभी की गरिमामय उपस्थिति रही।



## तारादेही में निकाली प्रभात फेरी



**तारादेही।** सोमवार को तारादेही ग्राम में 24 वे तीर्थंकर 1008 भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याण धूमधाम के साथ, भक्ति भाव से जैन समाज के द्वारा मनाया गया है। इस अवसर पर सुबह पूरे तारादेही ग्राम में फेरी निकाली गई मंदिर में पूजन, अभिषेक के पश्चात महावीर स्वामी की पूजन की गई। इसके बाद दिगंबर जैन मंदिर परस धाम से शोभायात्रा प्रारंभ हुई जो ग्राम के प्रमुख मार्गों से भ्रमण करती हुई वापस मंदिर में संपन्न हुई। विमान में महावीर स्वामी को विराजमान कर ग्राम भ्रमण कराया गया। सुंदर रंगोली सजाई गई, भगवान की आरती उतारी गई। मंदिर में अभिषेक पूजन कर जन्म कल्याणक महोत्सव का समापन हुआ चहुंओर महावीर स्वामी के जयघोष गुंजायमान रहे।

## रजिस्ट्री के एक महीना बाद भी नहीं हो रहा नामांतरण, उपभोक्ता परेशान

**जबेरा।** मध्य प्रदेश शासन की नई गाइडलाइन के अनुसार जमीन की रजिस्ट्री करने के उपरांत उपभोक्ता को नामांतरण के लिए तहसील के चक्कर न काटना पड़े इसलिए शासन ने नई नीति बनाई है कि रजिस्ट्री के साथ ही नामांतरण की आवश्यक समस्त कार्यवाही करके उपभोक्ता का बगैर किसी परेशानी के आसानी से नामांतरण हो सके परंतु जबेरा तहसील में जमीन की रजिस्ट्री (बैनामा) कराने के बाद भी त्रेताओं को नामांतरण (दाखिल खारिज) के लिए चक्कर काटने पड़ रहे हैं। जबेरा के अधिकांश भू स्वामीयो ने आरोप लगाया है कि उन्होंने फरवरी माह में अपने नाम से भूमि रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से खरीदी थी। नियम अनुसार रजिस्ट्री के बाद ऑनलाइन आवेदन करने की बावजूद जबेरा के जिम्मेदार पटवारी/ राजस्व निरीक्षक के द्वारा जानबूझकर नामांतरण की प्रक्रिया को लटकाया जा रहा है। पीड़ित भूमि क्रेताओं ने आरोप लगाया है कि इस संबंध में हल्का जबेरा के पटवारी चौरसिया से अने कोबार संपर्क करने पर उनके द्वारा आज दिनांक तक नामांतरण नहीं किया जा रहा है। कहा जाता है कि मेरे द्वारा इंद्रपाल की आईडी पर ट्रांसफर कर दिया गया है अब तहसीलदार मैडम के सामने त्रेता विक्रेता उपस्थित होकर के पेशी करें तब कहीं जाकर के नामांतरण होगा होगा। पीड़ित उपभोक्ताओं ने मांग की है कि यदि जल्दी ही हमारा नामांतरण नहीं होता है तो हम कलेक्टर महोदय एवं 181 के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री के यहां शिकायत करेंगे।

## उन्नत नस्ल के पशु बढ़ाएंगे किसानों की आय

**नरसिंहगढ़।** दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में पशुपालकों को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आय दोगुनी करने के उद्देश्य से माइसेम सीमेंट फैक्ट्री ने एक सराहनीय पहल की है। सोमवार को फैक्ट्री के तत्वाधान में संचालित 'बाएफ एकीकृत पशुउत्थान कार्यक्रम' के अंतर्गत एक भव्य 'कॉफ रैली' (बछड़ा-बछिया प्रदर्शनी) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दमोह कृषि विज्ञान केंद्र के उपसंचालक मुख्य अतिथि ब्रजेश असाटी एवं माइसेम सीमेंट के सीएसआर हेड अजय कुमार ने फीता काटकर किया। इस दौरान विशेषज्ञों ने स्थानीय पशुपालकों को उन्नत नस्लों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। किसानों को प्रेरित किया गया कि वे अपनी देशी नस्ल के पशुओं को मुर्रा, साहीवाल और गिर जैसी उन्नत नस्लों में परिवर्तित करें। इससे न केवल दुग्ध उत्पादन में भारी वृद्धि होगी, बल्कि पशुपालकों की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी। रैली में आसपास के कई गांवों के किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बेहतर पशु प्रबंधन और उन्नत नस्ल के प्रदर्शन के आधार पर पशुपालकों को सम्मानित किया गया। प्रथम पुरस्कार आशीष यादव (नरसिंहगढ़), द्वितीय पुरस्कार भरत पाल (नरसिंहगढ़), तृतीय पुरस्कार वीरेंद्र यादव (इमलाई) को मिला। इसके अतिरिक्त, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अन्य किसानों को सांत्वना पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर माइसेम सीमेंट की ओर से अजय कुमार व आलोक तिवारी, स्थानीय पशु चिकित्सक डॉ. एच.आर. मांझी, सरपंच प्रतिनिधि शुभम बिदोलिया, और बाएफ संस्था की ओर से रामगणेश गुप्ता एवं गौतम प्रसाद यादव सहित बड़ी संख्या में किसान भाई उपस्थित रहे। माइसेम सीमेंट और बाएफ की इस संयुक्त पहल का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को आधुनिक तकनीक से जोड़कर 'श्वेत क्रांति' को बढ़ावा देना है।



## फिर चोरीः सूने मकान को बनाया निशाना

**तेंदूखेड़ा।** नगर में चोरी की घटनाओं का सिलसिला लगातार जारी है, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। ताजा मामला रविवार–सोमवार की दरमियानी रात का है, जब वार्ड क्रमांक 11 में चोरों ने एक सुनसान मकान को निशाना बनाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर परिषद के कर्मचारी विनोद कुमार तिवारी, जो वर्तमान में बकस्वाहा जिला छतरपुर में पदस्थ हैं, अपने परिवार सहित किसी कार्य सिलसिले मै भोपाल गए हुए थे। उनके घर के सूना था जिसका फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सोमवार सुबह आसपास के लोगों की नजर जब उनके घर के मुख्य गेट और दरवाजे पर पड़ी, तो ताले टूटे हुए मिले। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच प्रारंभ की, लेकिन घर के मालिक एवं परिवार के सदस्यों के अनुपस्थित होने के कारण यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि चोरी में क्या-क्या सामान गया है और कुल चोरी कितने की हुई है। पुलिस द्वारा श्री तिवारी को सूचना दे दी गई है, किंतु समाचार लिखे जाने तक वे तेंदूखेड़ा नहीं पहुंचे थे। उनके आने के बाद ही पता चल सकेगा गौरतलब है कि इससे पहले 20 मार्च को भी नगर में एक सूने मकान में चोरी की घटना सामने आई थी, जिसमें लगभग 6 लाख रुपये की चोरी हुई थी। उस मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया था। स्थानीय नागरिकों कमल नारायण, रत्नेश और गोविंद बबलू ने आशंका जताई है कि क्षेत्र में कोई संगठित गिरोह सक्रिय है, जो केवल सुनसान घरों को निशाना बना रहा है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, ताकि इस प्रकार की घटनाओं पर जल्द अंकुश लगाया जा सके।

